<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 10/2024 **दिनांक 31/10/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 30.10.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

<u>01. थाना मरदह पुलिस व स्वाट टीम द्वारा 145 ग्राम अवैध हेरोईन (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रूपये) की बरामदगी करते हुए 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2024 को प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह मय हमराह थाना हाजा से रवाना होकर वास्ते रोकने जुर्म जरायम एवं जनपद में हो रही मादक पदार्थों हेरोईन, नशीला पदार्थ व गांजा तस्करी,बिक्री की रोकथाम हेतु अन्दर थाना क्षेत्र मामूर थे कि इसी बीच जनपद की स्वाट टीम के उ0नि0 शिवाकान्त मिश्रा मय हमराह थाना मरदह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। मुखबिर खास ने सूचना दिया कि एक व्यक्ति गाजीपुर से आकर ग्राम दुर्खुशी के पास नीले रंग के बैग में मादक पदार्थ हेरोईन छुपाकर ले जा रहा है तथा उसे बेचने की फिराक में है। तभी मौके पर उक्त व्यक्ति को घेर-घार कर हिकमत अमली से पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम इन्द्रजीत उर्फ विधायक पुत्र भोला राम निवासी ग्राम दुर्खुशी थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 28 वर्ष बताया तथा उसके पास से 145 ग्राम अवैध हेरोईन (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रूपये)बरामद हुआ। अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 206/2024 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>बरामदगीः-</u>

1. 145 ग्राम अवैध हेरोइन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रूपये)

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u> -

1. इन्द्रजीत उर्फ विधायक पुत्र भोला राम निवासी ग्राम दुर्खुशी थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 28 वर्ष

<u>आपराधिक इतिहासः-</u>

1. मु0अ0स0 206/2024 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना मरदह गाजीपुर

<u>02- थाना बरेसर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 145/24 धारा 137(2),87,65 बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा अभियान के तहत आज दि0- 30.10.24 को थानाध्यक्ष मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 145/24 धारा 137(2),87,65 बीएनएस व 5L/6 पाक्सो

एक्ट थाना बरेसर जनपद गाजीपुर में वांछित अभियुक्त इन्द्रपाल उर्फ निरहु पुत्र हृदयनारायण नि0ग्रा0-उमरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को मुखबिर खास की सूचना पर अलावलपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

इन्द्रपाल उर्फ निरहु पुत्र हृदयनारायण नि0ग्रा0-उमरपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 145/24 धारा 137(2),87,65 बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर